# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/प्रयो0/ 604
दिनांक : 14/06/2022

<u>अति आवश्यक/महत्वपूर्ण</u>

## <u>विज्ञप्ति</u>

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा बी0एड0 प्रथम वर्ष व द्वितीय वर्ष की सैद्धान्तिक परीक्षायें दिनांक 22.06.2022 से प्रारम्भ हो रही हैं, इससे पूर्व आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न करा ली जायें इसकी सूचना विश्वविद्यालय की अधिसूचना संख्या–परीक्षा/6057, दिनाक 13.04.2022 एवं विज्ञप्ति संख्या–गोप0/प्रयो0/386, दिनाक 30.04.2022 जारी की जा चुकी है।

मा0 परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 20.03.2021 के मद संख्या–12 में आन्तरिक परीक्षाओ के अंकों को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में निम्नलिखित निर्णय लिया गया है :–

**"परीक्षा समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का प्रवेश पत्र तब तक डाउनलोड नहीं कराया जायेगा, जब तक कि सम्बन्धित पाठ्यक्रमों की आन्तरिक परीक्षायें सम्पन्न कराकर महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं कर दिये जाते हैं।"**

अतः परीक्षा समिति के उक्त निर्णय और मा0 कुलपति महोदया के आदेश के अनुपालन में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/संस्थान के प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक से पुनः अनुरोध है कि **उक्त सैद्धान्तिक परीक्षायें प्रारम्भ होने से पूर्व आन्तरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के ऑनलाईन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड कर दिये जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों के छात्र/छात्राओं के उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र डाउनलोड नहीं कराये जायेंगे** जिसके लिये सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान उत्तरदायी होंगे।

14/06/2022
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–
1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के सादर संज्ञानार्थ।
2. सचिव, प्रति–कुलपति को मा0 प्रति–कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान सम्बद्ध चौ0 चरण सिह विश्वविद्यालय, मेरठ को अनुपालनार्थ।
6. प्रभारी, वेब साईट/कम्प्यूटर सेल/परीक्षा परिणाम सेल, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
7. आउट सोर्स कम्पनी (मस्कॉट सॉफ्टवेब सोल्यूशन प्राईवेट लि0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
8. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि वे छात्र हित में उक्त सूचना विश्वविद्यालय के परिक्षेत्र में आने वाले समस्त जिलों के सम्मानित समाचार पत्र मे निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)